# श्रीमद्भगवद्गीता कंठस्थपाठ प्रोत्साहन प्रतियोगिता-2026

श्रीमद्भगवद्गीता कंठस्थ पाठ प्रोत्साहन उच्चशिक्षा स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक- 30.03.2026 को ज्ञानप्रवाह ( सांस्कृतिक शोध अध्ययन केन्द्र ) के प्रेरणाप्रवाह प्रकल्प के अन्तर्गत सम्पन्न हुआ I विभागीय प्राध्यापकों के निर्देशन में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षा के छात्रों में से ईशान्त त्रिपाठी स्नातकोत्तर उत्तरार्ध, अनन्तजोशी स्नातक पूर्वार्ध, गजेन्द्र आर्य स्नातक पूर्वार्ध, वृषभानु तिवारी स्नातक द्वितीयवर्ष ने उत्साह पूर्वक उत्तम प्रस्तुति करके प्रमाणपत्र एवं पुरस्कारस्वरूप वैदिकसाहित्य एवं संस्कृति ग्रन्थ प्राप्त किया I यह प्रतियोगिता भारतवर्ष की वर्तमान शैक्षिक परिधि में सांस्कृतिक पृष्टभूमि में वर्तमान अपेक्षा के अनुरूप व्यवहार एवं कर्म की मर्यादा के प्रति विद्यार्थीयों के चेतना भरने की दृष्टि अत्यन्त प्रभावपूर्ण रही I इस कार्यक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कलासंकाय अध्यक्ष प्रो० श्रीकिशोर मिश्र, सं० वि० ध०वि० सं० से प्रो०उपेन्द्र त्रिपाठी, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से प्रो०राम पूजन पाण्डेय, तथा काशी विभिन्न संस्थाओं से प्राध्यपकों की उपस्थिति रही I










